तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 10 फरवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 संस्कृत शिक्षक संघ ने प्रदेश में संस्कृत विषय की स्थिति पर जताई गहरी...



9 आनंदगांव स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह



## खबर संक्षेप

### मकान में चल रहा था चर्च, गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान में चर्च चलाने के आरोप में पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने धारा धारा 299, बीएनएस, 04 छत्तीसगढ़ धर्म अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि एलआईजी 437 हाउसिंग बोर्ड चरोदा निवासी लोको पायलट वनलाल वर्मा ने शिकायत किया। मोहल्ला में सिकन्दर नाझील के मकान में निवासी म्यूरीहाईट बोरसी दुर्ग निवासी आशिष अचारी किराये पर लिया है। जहां हर रविवार की सुबह पंद्रह से बीस महिला पुरूष, परिवार समेत आकर प्रेयर करते है। जहां पर वाद्य यंत्रों का प्रयोग कर जोर-जोर से बजाते है। वनलाल वर्मा का आरोप है कि मकान में धर्मातंरण कराया जाता है। जिसे लेकर पुलिस में शिकायत किया था। आसपास के लोगों ने वाद्य यंत्रों का ध्वनि करने से दिक्कत है। इनके द्वारा धर्म और धार्मिक भावनाओ को ठेस पहुंचाया जाता है। इसके बाद मोहल्लेवासी अनिरुद्ध सिंह, नितेश राव पवार, प्रकाश सिंह राजपूत, मनोज, सुधीर पाटले, पीयुष देवांगन, महेन्दर तिवारी, सुनिल सिंह, जय वर्मा, विवेक निषाद, देव रजक, डॉ. विपिन सोनी, एआर गंजीर ने पुलिस को घटना के बारे में अवगत कराया।

### वृद्ध ने ढाई साल के मासूम पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**भिलाई।** पारिवारिक विवाद के चलते वृद्ध ने अपने घर में ढाई साल के मासूम पर कुल्हाड़ी से



हमला कर दिया है। घटना में बालक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। आरोपी वृद्ध को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि बजरंग चौक जोरातराई निवासी परदेशी राम देवांगन 70 वर्ष ने मुनाल पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इससे वह वहीं लहूलुहान होकर गिर गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। हमले की जानकारी लगने पर उतई पुलिस तुरंत पहुंची और परदेशी राम को पकड़कर थाने लाई। आरोपी के पास से पुलिस ने कुल्हाड़ी और खून से सना कपड़ा जब्त किया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि परदेशीराम शकी किस्म का व्यक्ति है। उसकी इस आदत के चलते हमेशा परिवार में विवाद होता रहता था। घटना के दिन भी मासूम लड़का कमरे में खेल रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और परदेशी ने घर पर रखी कुल्हाड़ी से मासूम पर हमला कर दिया। उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव की टीम का योगदान रहा है।

# महाशिवरात्रि को लेकर अंचल के शिवालयों में शुरू हुई व्यापक तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिलेभर के शिव मंदिरों में तैयारियां तेज हो गई हैं। मंदिरों की साज-सज्जा, साफ-सफाई, पूजा सामग्री की व्यवस्था के साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों की रूपरेखा तय की जा रही है। इस वर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी को संध्या 5.06 बजे प्रारंभ होकर 16 फरवरी को शाम 5.35 बजे तक रहेगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार महाशिवरात्रि पर शिव पूजन का विधान मध्यरात्रि में होता है, इसलिए उदया तिथि मान्य नहीं होगी। त्रयोदशी-युक्त चतुर्दशी के संयोग में 15 फरवरी को ही महाशिवरात्रि मनाई जाएगी और इसी दिन मध्यरात्रि पूजन संपन्न होगा। जिले के प्रमुख शिवालयों में इस अवसर पर दिनभर पूजा-अर्चना का दौर चलेगा, वहीं शाम के समय प्रदोषकाल में विशेष अभिषेक किए जाएंगे। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं की सहभागिता से शोभायात्रा भी निकाली जाएगी, जिससे वातावरण शिवमय हो उठेगा।.

**शुभ योगों का दुर्लभ संयोगः** ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक 15 फरवरी को सूर्य, बुध, राहु और शुक्र की युति से शक्तिशाली चतुर्ग्रही योग बन रहा है। इसके साथ ही सुबह 7.08 बजे से शाम 7.48 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। इस योग में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने से बाधाएं दूर होती हैं और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। सर्वार्थ सिद्धि योग में रुद्राभिषेक करने का विशेष महत्व बताया गया है।

## 15 फरवरी को संध्या 5.06 बजे से चतुर्दशी, मध्यरात्रि में होगा महाशिव पूजन

### श्रवण नक्षत्र व शिववास का विशेष महत्व

महाशिवरात्रि के दिन उत्तराषाढ़ा व श्रवण नक्षत्र के संयोग के साथ व्यतिपात योग भी रहेगा। शाम 7.48 बजे के बाद श्रवण नक्षत्र प्रारंभ होगा, जिसे शिव आराधना के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार महाशिवरात्रि पर चार प्रहर में षोडशोपचार विधि से पूजा करनी चाहिए और प्रदोषकाल में भगवान शिव का अभिषेक करना विशेष फलदायी होता है। ऐसा करने से दुख, कष्ट, रोग व दरिद्रता का नाश होकर जीवन में सुख-समृद्धि बढ़ती है।



### तीन दिन पूर्व शुरू होंगी शिव विवाह की रस्में

महाशिवरात्रि पर संपन्न होने वाले शिव विवाह की परंपरागत रस्में तीन दिन पूर्व ही प्रारंभ हो जाएंगी। जिले के शिवालयों में हल्दी, मेहंदी व संगीत जैसी रस्मों की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पंडितों के अनुसार जिन पर्वों में मध्यरात्रि पूजन का विधान होता है, उनमें उदया तिथि मान्य नहीं होती। इसलिए व्रत, पूजन और विवाह की समस्त रस्में 15 फरवरी को ही संपन्न होंगी। महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर समितियों द्वारा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि भक्तजन पूरे श्रद्धा और विधि-विधान के साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सकें।

## विरोध

**भाजपा सरकार को बताया जनविरोधी, वीबी जी-राम-जी विधेयक वापस लेने की मांग**

# मजदूरों के हक और मनरेगा को लेकर कांग्रेस ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मजदूरों के अधिकारों और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को उसके मूल स्वरूप में यथावत रखने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

कांग्रेस के घोषित विरोध प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन भी मुस्तैद रही ।इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे ।-प्रदर्शन के उपरांत जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा और मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। धरना



स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि जनता की भारी सहभागिता ने साफ संदेश दे दिया है कि जनहित से जुड़े मुद्दों को भाजपा सरकार दबा नहीं सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को वी बी जी राम जी विधेयक को वापस लेना ही होगा तथा मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करना पड़ेगा।

धरना-प्रदर्शन में मंगत साहू, कविता साहू, सुरेंद्र तिवारी, टी.आर. जनार्दन, अवनीश राघव, प्रांजल तिवारी, रवि परगनिहा, झम्मन बघेल, विजय बघेल, मिथलेश वर्मा, रश्मि मिश्रा, देवेंद्र साहू, सुमित राजपूत, अश्वनी अनंत, ईश्वर वर्मा, रोशन सिंहा, गणेश राजपूत, राजू साहू, रीता पांडे, हरीश साहू, शशि प्रभा गायकवाड़, सुशील जोशी, बालकुमारी ध्रुव, चंद्रप्रकाश साहू, संतोष वर्मा, जयप्रकाश राज, कमल साहू सहित समस्त मंडल अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सरकार पर कांग्रेस का तीखा जुबानी प्रहार

आशीष छाबड़ा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा चुनाव के समय लोक-लुभावन वादे कर सत्ता में आती है, लेकिन सत्ता में आने के बाद किसान, मजदूर और गरीब वर्ग की पूरी तरह अनदेखी करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो सिर्फ अमीरों के हित में काम करती है और गरीब-मजदूरों की समस्याओं से न तो केंद्र नेतृत्व को कोई सरोकार है और न ही स्थानीय नेतृत्व को। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से किसान, मजदूर, गरीब और दलित वर्ग के साथ खड़ी रही है और भविष्य में भी उनके हक की लड़ाई लड़ती रहेगी। जरूरत पड़ी तो कांग्रेस के नेता पहले की तरह आगे भी कुर्बानियां देने से पीछे नहीं हटेंगे, लेकिन मजदूरों और गरीबों के अधिकारों को किसी भी कीमत पर दबने नहीं दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन में नवागढ़ के पूर्व विधायक ▶▶| शेष पेज 09 पर

# परपोडी में शराब की अवैध बिक्री का भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सायबर सेल एवं थाना परपोडी पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आबकारी एक्ट के एक प्रकरण में एक आरोपी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।



पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि वार्ड क्रमांक 2 परपोडी में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखी गई है। सूचना के आधार पर थाना परपोडी पुलिस स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर आरोपी रोहित मरकाम, पिता विश्राम मरकाम (58), निवासी वार्ड नं. 2 परपोडी, थाना परपोडी, जिला बेमेतरा के घर की बाड़ी से तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 30 पौवा देशी मसाला/प्लेन एवं अंग्रेजी शराब कुल 5,400 एमएल, जिसकी अनुमानित कीमत 2,840 रुपये बताई गई है, जप्त की गई।

इस संबंध में थाना परपोडी में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी परपोडी निरीक्षक सत्य प्रकाश उपाध्याय, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि पुरूषोत्तम कुलार्य, प्रधान आरक्षक येमन बघेल, आरक्षक पीयूष सिंह, शिव यादव, रमेश चंद्रवंशी तथा सायबर सेल से नुरेश वर्मा, संतोष धीवर, रेखन साहू, जयकिशन साहू एवं अन्य पुलिस स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# भाजपा नेता पर जानलेवा हमला, ब्लेड से गला काटकर हत्या का प्रयास, नशेड़ी युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थानखम्हरिया

थानखम्हरिया तहसील अंतर्गत ग्राम बरगा में रविवार रात एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया।

पूर्व सरपंच एवं भाजपा नेता नोहर बल्लू पाल (52 वर्ष) पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 109(1) के तहत हत्या के प्रयास (हाफ मर्डर) का अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 8 फरवरी, रविवार रात लगभग 9 बजे की है। हमले में भाजपा नेता के गले पर ब्लेड से वार किया गया, जिससे उनकी श्वासनली तक गहरी चोट पहुंची। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल एम्स रायपुर रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है और चिकित्सकों के अनुसार अब उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। घायल नेता के गले में 12 से 14 टांके लगाए गए हैं।

■ नशे की हालत में दिया वार, पुलिस ने दर्ज किया हाफ मर्डर का अपराध

### चुलमाटी कार्यक्रम से लौटते समय घात लगाकर किया हमला

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नोहर बल्लू पाल गांव के ही वर्मा परिवार के यहां आयोजित चुलमाटी कार्यक्रम में शामिल होकर रात में घर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम बरगा में संतोषी मंदिर से पहले अंधेरे स्थान पर घात लगाए बैठे युवक ने अचानक उन पर हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। अचानक हुई इस वारदात से गांव में अफरा-तफरी मच गई। जब लोगों ने खून से लथपथ भाजपा नेता को देखा, तब जाकर घटना की गंभीरता सामने आई। आनन-फानन में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, थानखम्हरिया लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए रात में ही एम्स रायपुर रेफर कर दिया गया।

**नशे का आदी निकला आरोपी वर्तमान सरपंच का पुत्रः** पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी जलेश ठाकुर (22) है, जो वर्तमान सरपंच नंदकुमारी ठाकुर का पुत्र है। बताया जा रहा है कि आरोपी नशे का आदी है और घटना के समय ▶▶| शेष पेज 09

## 49 आवेदनों पर दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के द्वारा कलेक्टरेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जनदर्शन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए नागरिकों ने अपनी मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन के दौरान कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता के साथ सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर बुलाकर एवं दूरभाष के माध्यम से चर्चा कर



कई प्रकरणों का तत्काल निराकरण कराया। प्रशासन की तत्परता के चलते कई नागरिकों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जिससे आवेदकों में संतोष एवं विश्वास का माहौल देखने को मिला। जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 49 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों में शीघ्र कार्रवाई करते हुए समाधान किया गया, जबकि गंभीर एवं जांच योग्य प्रकरणों को टीएल पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनदर्शन में निराश्रित पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैटरी चालित ट्रायसायकल प्रदाय, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर सुश्री ममगाईं ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को नियमानुसार शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### नागरिकों को दिलाया समाधान का भरोसा

कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ निराकरण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## रायपुर साहित्य महोत्सव का प्रसारण आज

**कवर्धा।** साहित्य महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन का दूरदर्शन पर प्रसारण 10 फरवरी से प्रारंभ होगा। यह विशेष कार्यक्रम साहित्य पर्व शीर्षक से दूरदर्शन पर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रसारण 10, 12, 15, 17, 19 एवं 22 फरवरी को शाम 3.30 बजे किया जाएगा। दर्शक इस कार्यक्रम को टाटा प्ले चैनल नंबर 1174, डीडी फ्री डिश तथा डीडी छत्तीसगढ़ चैनल पर पूरे देश में देख सकेंगे। इसके अलावा यह कार्यक्रम डीडी छत्तीसगढ़ के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध रहेगा। मोबाइल उपयोगकर्ता इस एप के माध्यम से भी देख सकते हैं, जिसे एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। साहित्य पर्व का निर्माण जनसंपर्क विभाग के सहयोग से इरा फिल्म्स द्वारा किया गया है। इस प्रसारण के माध्यम से रायपुर साहित्य महोत्सव के प्रमुख सत्रों, चर्चाओं और साहित्यिक प्रस्तुतियों को देशभर के दर्शकों तक पहुंचाया जाएगा।

## एक दिवसीय कार्यशाला एवं शिविर का आयोजन

**कवर्धा।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना वर्ष 2025-26 के तहत 06 फरवरी को जनपद पंचायत कार्यालय पण्डरिया में एक दिवसीय कार्यशाला एवं शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ना तथा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नए उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यशाला में उपस्थित उद्यमियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही बैंक प्रतिनिधियों द्वारा वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं एवं उद्यम स्थापना की प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस शिविर में कुल 20 उद्यमियों ने भाग लिया। इनमें से 02 उद्यमियों ने गुड़ निर्माण उद्योग तथा 04 उद्यमियों ने आटा निर्माण से संबंधित खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने की इच्छा जताई। कार्यक्रम के माध्यम से उद्यमियों को योजनाओं का लाभ लेने, वित्तीय सहायता प्राप्त करने और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# भोरमदेव कारखाने से अब तक किसानों को 46.77 करोड़ का किया गया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित, कवर्धा द्वारा गन्ना किसानों को एक और बड़ी राहत दी गई है। कारखाने ने हाल ही में 06.93 करोड़ रूपए की राशि जारी करते हुए अब तक कुल 46.77 करोड़ रूपए का भुगतान पूर्ण कर दिया है। समयबद्ध और निरंतर भुगतान से क्षेत्र के गन्ना किसानों में संतोष और उत्साह का माहौल बना हुआ है। कलेक्टर एवं कारखाने के प्राधिकृत अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में भुगतान प्रक्रिया लगातार जारी है, जिससे सहकारी व्यवस्था पर किसानों का भरोसा और अधिक मजबूत हुआ है। कारखाना प्रबंधन के अनुसार यह निरंतरता न केवल किसानों की आर्थिक मजबूती का आधार बन रही है, बल्कि कारखाने के सुचारु संचालन को भी स्थायित्व प्रदान कर रही है। पेराई सत्र की जानकारी देते हुए कारखाना प्रबंधन ने बताया कि अब तक 2,33,455 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई पूर्ण की जा चुकी है, जिससे 2,74,322 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है। यह सफलता किसानों के सहयोग, प्रशासनिक मार्गदर्शन और कारखाने की कार्यकुशलता का संयुक्त परिणाम मानी जा रही है।

### सहकारिता को सशक्त बनाने की अपील



इसी क्रम में कारखाना प्रबंधन ने शेयरधारक सदस्य किसानों एवं गैर-सदस्य गन्ना उत्पादकों से सर्वे के अनुरूप अधिकतम गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित करने की सकारात्मक अपील की है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि यह कोई चेतावनी नहीं, बल्कि सहकारी संस्था को मजबूत करने और किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने का साझा प्रयास है। प्रबंधन ने बताया कि विगत पेराई सत्र 2024-25 तथा वर्तमान सत्र 2025-26 में सर्वे अनुमान के अनुरूप गन्ना आपूर्ति नहीं हो पाने के कारण कारखाने की पूर्ण पेराई क्षमता का उपयोग नहीं हो सका, जिससे पेराई अवधि प्रभावित हुई। पर्याप्त आपूर्ति से उत्पादन बढ़ेगा और भविष्य में भी किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### पंजीकृत किसानों को कारखाना में गन्ना देना अनिवार्य

कारखाना प्रबंधन ने पंजीकृत उपविधियों का हवाला देते हुए बताया कि उपविधि धारा 07(02)(घ) के अंतर्गत सदस्य किसानों के लिए अपना उत्पादित गन्ना कारखाने में देना अनिवार्य है। वहीं धारा 09(क)(05) में यह प्रावधान है कि लगातार सर्वे के अनुरूप आपूर्ति नहीं करने पर सदस्यता समाप्त की जा सकती है। प्रबंधन ने दोहराया कि इन नियमों का उद्देश्य दंड नहीं, बल्कि संस्था की निरंतरता और किसानों के दीर्घकालिक हितों की रक्षा है।

### किसानों एवं श्रमिकों के हित में बहुआयामी प्रयास

कारखाना प्रबंधन ने बताया कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना स्थापना काल से ही क्षेत्र के गन्ना किसानों की आर्थिक और सामाजिक उन्नति का सशक्त माध्यम रहा है। एफआरपी के अतिरिक्त रिकवरी राशि, शासन द्वारा प्रदत्त बोनस का भुगतान, रियायती दर पर शक्कर वितरण, उन्नत बीज उपलब्धता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को निरंतर सहयोग दिया जा रहा है। इसके साथ ही कारखाना परिसर में सर्वसुविधायुक्त बलराम सदन का निर्माण, तथा श्रमिकों व किसानों के लिए मात्र 5 रूपए में गरम भोजन उपलब्ध कराने वाली कैंटीन की शुरुआत सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त उदाहरण है। कारखाना प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि यदि पेराई लक्ष्य पूर्ण नहीं हुआ तो कारखाने का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है। अतः सभी सदस्य एवं गैर-सदस्य गन्ना उत्पादकों से आह्वान किया गया कि वे सर्वे के अनुरूप अधिकतम गन्ना आपूर्ति कर सहकारी व्यवस्था को मजबूत बनाएं और क्षेत्र के किसानों के उज्ज्वल भविष्य में सहभागी बनें।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय और विधायक भावना बोहरा नव दम्पति को देंगे आशीर्वाद

# जिले के 251 जोड़े वैवाहिक परिणय सूत्र में बंधेंगे आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत कबीरधाम जिले में 10 फरवरी को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन सरदार पटेल मैदान कवर्धा में किया गया है। मंगलवार के शुभ मुहूर्त में जिले के 251 नवयुगल वैवाहिक परिणय सूत्र में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़कर नव विवाहितों को आशीर्वाद देंगे और कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय और पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बिशेसर पटेल, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी विवाह में शामिल होंगे और नवदम्पति को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कार्यक्रम की समस्त तैयारियों की गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। वर-वधू और उनके परिजनों के लिए पृथक-पृथक आवास एवं भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही उनके निवास स्थान से विवाह स्थल तक लाने-ले जाने की समुचित व्यवस्था भी की गई है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत होने वाला यह भव्य आयोजन न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देगा, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

### पुरानी मंडी से दूल्हों की निकाली जाएगी भव्य बारात



जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी ने बताया कि सुबह से पटेल मैदान में विवाह कार्यक्रम प्रारंभ होगा। सुबह 8 बजे पुरानी मंडी से दूल्हों की भव्य बारात निकलकर सिग्नल चौक होते हुए गांधी मैदान के पास स्वागत कार्यक्रम के उपरांत गांधी मैदान पहुंचेगी। समारोह में नवयुगलों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट, अनिल ठाकुर, नितेश अग्रवाल, मुकेश ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत संतोष पटेल, विदेशी राम धुर्वे, सभापति श्रीमती सुमित्रा पटेल, जनपद अध्यक्ष कवर्धा श्रीमती सुषमा बघेल, बोड़ला श्रीमती बालका वर्मा, पडरिया श्रीमती नंदनी साहू, सहसपुर लोहारा श्रीमती दुर्गा सिंह, जिला पंचायत सदस्य डॉ वीरेंद्र साहू, सभापति राज कुमार मरावी, श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्रीमती दीपा धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गंगा साहू, सदस्य जिला पंचायत रोशन दुबे, श्रीमती राजकुमारी साहू, श्रीमती ललिता धुर्वे, श्रीमती राजेश्वरी घृतलहरे, श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्राकर, श्रीमती सतविंदर पाहुजा नव दम्पति को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

# भोरमदेव तालाब के पास जंगली सुअर के शिकार के संकेत, वन विभाग ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भोरमदेव स्थित तालाब के समीप जंगली सुअर के शिकार से संबंधित संदिग्ध निशान मिलने पर वन विभाग ने तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

वन विभाग को 7 फरवरी 2026 को सूचना प्राप्त हुई थी कि भोरमदेव तालाब के पास शिकार के संकेत दिखाई दे रहे हैं। सूचना मिलते ही विभागीय अमला मौके पर पहुंचा और राजानवागांव वृत्त के दियाबार परिसर के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 67 अंतर्गत क्षेत्र का निरीक्षण किया। वन विभाग ने बताया निरीक्षण के दौरान घटनास्थल पर प्रथम दृष्टया जंगली सुअर के बाल प्रतीत होने वाला नमूना, पास में लकड़ी का एक खूंटा तथा लगभग 200 ग्राम जीआई तार बरामद किया गया। बरामद सामग्री को नियमानुसार जप्त कर पीओआर. क्रमांक 21616/10, 07 फरवरी 2026 जारी किया गया है। प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है। साथ ही मुखबिर तंत्र के माध्यम से भी संभावित आरोपियों का पता लगाने का कार्य किया जा रहा है। जप्त किए गए बाल के नमूने को परीक्षण के लिए वन्यजीव फॉरेंसिक एवं स्वास्थ्य केंद्र, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर (मध्यप्रदेश) भेजा जाएगा। परीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# छिरहा स्कूल में रंगारंग वार्षिकोत्सव आयोजित



- स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम छिरहा में शिक्षा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हाई स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र की पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा आए हुए अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से हाई स्कूल की छात्रा आल्या दिवाकर और उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत किए गए पंथी नृत्य ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी और पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

वहीं प्राथमिक शाला की नन्हीं छात्रा राधिका और उनके समूह द्वारा फिर भी दिल है हिंदुस्तानी जैसे देशभक्ति गीत पर दी गई मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों पिंकी एवं साथी की प्रस्तुति को भी खूब सराहा गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. रमेश चंद्रवंशी और प्रधान पाठक मुरीत खरे ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर साल भर की उपलब्धियों को साझा किया। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत व अनुशासन के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया।

इस गरिमामयी मंच पर शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देते हुए दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले हाई स्कूल के व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी एवं वीणाक्षी नामदेव को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक शिक्षक देवदास धृतलहरे ने किया। इस उत्सव में सरपंच सुरेश पटेल, एसएमडीसी अध्यक्ष चैनसिंह पटेल, उपसरपंच रंजीत राय, पूर्व सरपंच राम पटेल, लिमो सरपंच गणेश योगी, गोविंद पटेल, सचिव कन्हैया, सुखनंदन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जागरूक पालक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## स.लोहारा में मां शीतला मंदिर प्राण द्वितीय प्रतिष्ठा उत्सव की धूम



**स लोहारा।** मां शीतला मंदिरप्राण द्वितीय प्रतिष्ठा उत्सव के पावन अवसर पर मां शीतला मंदिर विकास समिति सहसपुर लोहारा एवं समस्त नगर वासियों के सहयोग से शीतला मंदिर प्रांगण में चल रहे श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। कथा के तीसरे दिन की कथा के अंतर्गत कथा व्यास दंडी स्वामी विशुद्धानंद महाराज (काशी विश्वनाथ) ने देवी जी की लौक दर्शन आदिशक्ति मां की महिमा का विशेष वर्णन किया। स्वामी जी ने बताया कि देवी भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के जाने-अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिल जाती है। उन्होंने मधु-कैटभ राक्षसों के वध के बाद की कथा सुनाते हुए बताया कि कैसे देवताओं ने अम्बा यज्ञ का आयोजन किया। इस दौरान एक स्वचालित पुष्पक विमान प्रकट हुआ, जो तीनों देवों को ब्रह्म लोक, शिव लोक और बकुंठ से होते हुए अमृत समुद्र के निकट मणि द्वीप तक ले गया। मणि द्वीप पर देवों को मां भुवनेश्वरी के दर्शन हुए, जिन्होंने त्रिशक्ति के रूप में काली, लक्ष्मी और सरस्वती के साथ भेदन का ज्ञान दिया। इसके बाद देवों ने लौटकर देवियों के साथ अम्बा यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें अरूणी मंथन से अग्नि का प्राकट्य किया गया। तत्पश्चात सत्यव्रत ब्राह्मण की कथा का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने सत्यव्रत की कथा मुख्य रूप से एक मूर्ख बालक के देवी कृपा से परम ज्ञानी और सत्यवादी ऋषि बनने की कहानी है, जो देवी भागवत पुराण में वर्णित है। कौशल देश में देवदत्त के पुत्र को मूर्खता के कारण त्यागे जाने पर, उसने गंगा तट पर माता सरस्वती को प्रसन्न करने के लिए तपस्या की और केवल सत्य बोलने का व्रत लिया, जिससे वह दिव्य बुद्धि प्राप्त कर एक महान ऋषि बना।

# गन्ना विक्रेता किसानों को 3.45 करोड़ की राशि जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया द्वारा पेराई सत्र 2025-26 के तहत गन्ना विक्रेता किसानों को 3 करोड़ 45 लाख रुपए की प्रथम किस्त का भुगतान बैंक के माध्यम से जारी कर दिया गया है। यह राशि 19 नवंबर 2025 से 25 नवंबर 2025 तक गन्ना विक्रय करने वाले 1073 किसानों के खातों में प्रेषित की गई है। कारखाना प्रबंधन ने बताया कि इस अवधि में खरीदे गए गन्ने का मूल्य 329.05 रुपये प्रति क्विंटल की दर से निर्धारित किया गया है। किसानों को उनकी उपज के आधार पर भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। प्रबंधन ने बताया कि यह प्रथम किस्त के रूप में भुगतान किया गया है। शेष राशि का भुगतान फंड प्राप्त होते ही जल्द ही किसानों को कर दिया जाएगा।

## लंबित मांगों को लेकर अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल 12 को




**कवर्धा।** ऑल इंडिया एंप्लॉय फेडरेशन एवं संयुक्त मोर्चा ट्रेड यूनियन के द्वारा अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर 12 फरवरी को हड़ताल का ऐलान किया गया है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग जिला कबीरधाम दिलीप चन्द्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑल इंडिया एंप्लॉय फेडरेशन एवं संयुक्त मोर्चा ट्रेड यूनियन के द्वारा 12 फरवरी 2026 को हड़ताल अपनी मुख्य रूप से लंबित मांग चार लेबर कोर्ट कानून रद्द करने, पुरानी पेंशन बहाल कर अनियमित एवं संविदा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किए जाने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के मानदेय में वृद्धि कर 25000 रूपए प्रति माह किए जाने को लेकर हड़ताल का आयोजन किया जाएगा। श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि इन मांगों को लेकर हड़ताल दिवस पर दोपहर 12:00 बजे कर्मचारी भवन कवर्धा में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिलाध्यक्ष ने जिले के सभी कर्मचारियों से आव्हान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारी-अधिकारी हड़ताल में शामिल होकर अपने हक की आवाज को बुलंद करें।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरंपच, ग्रामवासी, स्कूली बच्चे एवं पीएचई विभाग के अधिकारीगण रहे शामिल

# विकासखंड बोड़ला के वनांचल ग्राम तितरी में जल अर्पण दिवस का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गत दिनो विकासखंड बोड़ला के ग्राम तितरी में जल जीवन मिशन के तहत जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। जल जीवन मिशन के तहत पूर्ण एवं हस्तांतरित हो चुकी जल आपूर्ति प्रणाली को औपचारिक रूप से ग्राम पंचायत को सौपनें, नलजल योजना के संचालन संधारण में ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणो के सक्रिय भूमिका को सुनिश्चित करने, हर घर जल योजना के तहत गांव की उपलब्धि का जश्न मनाने एवं स्थानीय स्तर पर लोगो के नेतृत्व वाली जल प्रशासन को प्रोत्साहित कर जन भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरंपच, ग्रामवासी, स्कूली बच्चे एवं पीएचई विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे। सर्वप्रथम जनप्रतिनिधियो एवं ग्रामवासियो के द्वारा ग्राम में जल जीवन मिशन के नलजल योजना अंतर्गत निर्मित परिसंपत्तियों पानी टंकी, बोर पंप, स्वीच रूम का पूजा अर्चना कर जलबंधन(पवित्र धागा) किया गया। तत्पश्चात पांरम्परिक गाने बाजे के साथ समस्त जनप्रतिनिधियो, ग्रामवासियों, स्कूली बच्चों तथा शिक्षकगण एवं अधिकारियो के द्वारा जल संरक्षण एवं जल अर्पण दिवस के उद्देश्यों के संदेशों के साथ जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली के दौरान ग्रामीणो के द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देने प्रत्येक घरेलू नल कनेक्शनो से एक एक बाल्टी पानी दान किया गया एवं इस पानी को पौधारोपण में उपयोग किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चो द्वारा स्वागत गीत, जल संरक्षण एवं जनभागीदारी का संदेश देते लोकगीत पर डांस व नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्राम के पेयजल स्त्रोतो के गुणवत्ता जांच हेतु एफ.टी.के. कीट के द्वारा जल गुणवत्ता जांच का प्रदर्शन किया गया एवं ग्राम पंचायत को एफटीके कीट वितरित किया गया। पीएचई विभाग के अधिकारियो द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से योजना के संचालन संधारण हेतु छ.ग. ग्रामीण पेयजल संचालन संधारण नियम 2024 के संबंध में जानकारी दी गई व ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणो को नलजल के सफल क्रियान्वयन हेतु जल जीवन मिशन अंतर्गत जल सेवा आंकलन किये जाने के संबंध जानकारी दी गई तथा पेयजल सेवाओं की निरंतर उपलब्धता, गुणवत्ता, पर्याप्त मात्रा तथा प्रभावी संचालन संधारण पर विशेष ध्यान देने प्रोत्साहित किया गया। जल अर्पण दिवस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणो एवं अधिकारियो के द्वारा जल संरक्षण एवं हर घर जल योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने शपथ भी लिया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत तितरी को औपचारिक रूप से अधिकारिक हंस्तातंरण दस्तावेजो को सौंपा गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियो द्वारा ग्रामीणो को नलजल योजना के स्वामित्व लेने, योजना के वित्तीय प्रबंधन हेतु जलशुल्क राशि जमा करने व घरेलू नल कनेक्शनो के पास स्वच्छता रखने हेतु जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया। ग्राम पंचायत तितरी को नलजल योजना के सफल संचालन संधारण एवं ग्राम सचिव उपदेश मेरावी एवं पंप आपरेटर धनसिंह मेरावी को योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण बचाव एवं हरियाली को बढ़ावा देने पौधारोपण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### कुण्डा सहित आसपास क्षेत्र के भक्तजन व श्रोता कथा श्रवण करने पहुंच रहे

# श्रीराम कथा के तृतीय दिवस श्रद्धा व भक्ति-भाव का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

सरदार पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल कुण्डा के तत्वाधान में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के तृतीय दिवस का आयोजन गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कथा स्थल पर दिनभर श्रीराम नाम की गूंज बनी रही और भक्ति रस की अविरल धारा से पूरा क्षेत्र राममय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। तृतीय दिवस की कथा में देश के विभिन्न राज्यों से पधारे प्रख्यात विद्वान कथावाचकों ने श्रीराम चरित्र के विविध प्रसंगों का भावपूर्ण एवं सारगर्भित वर्णन किया। वक्ताओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श जीवन, सत्य, धर्म, त्याग और कर्तव्यबोध पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान समाज के लिए उनकी प्रासंगिकता को रेखांकित किया। जबलपुर से पधारीं सुप्रसिद्ध कथावाचिका सुश्री सुनीता शास्त्री ने संक्षिप्त लेकिन गहन कथा-वाचन के माध्यम से श्रीराम के आध्यात्मिक रहस्यों को सहज भाषा में प्रस्तुत किया। उनकी सुरीली एवं भावप्रवण वाणी से प्रस्तुत भक्ति रस ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर होकर रामनाम के सुमिरन में लीन नजर आए।
छत्तीसगढ़ के चांपा से पधारे पं. राजेश प्रसाद शर्मा ने छत्तीसगढ़ी लोकभाषा में अयोध्या राज्य और लंका राज्य का तुलनात्मक विवेचन प्रस्तुत किया। उन्होंने लोकजीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से धर्म और अधर्म, मर्यादा और अहंकार के अंतर को सरल ढंग से समझाया, जिससे श्रोताओं में विशेष उत्साह देखा गया।कार्यक्रम का संचालन पं. नीतभद्र शर्मा द्वारा सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। कथा आयोजन में ग्राम कुण्डा के समस्त ग्रामवासी, प्रभात फेरी मंडली, सरदार पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त स्टाफ एवं प्राचार्य सी.एल. चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहकर श्रीराम कथा का रसपान कर स्वयं को कृतार्थ अनुभव कर रहे हैं।

**युवाओं को संस्कार, सेवा और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने का संदेश दिया**




उत्तरप्रदेश के जौनपुर से पधारे पं. प्रकाश चंद्र पाण्डेय ने अपने ओजस्वी और देशभक्ति से ओत-प्रोत वक्तव्य से श्रोताओं में राष्ट्रचेतना का संचार किया। उन्होंने श्रीराम के आदर्शों को वर्तमान सामाजिक परिवेश से जोड़ते हुए युवाओं को संस्कार, सेवा और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। काशी से पधारे पं. ब्रह्मदेवाचार्य ने महाभारत एवं विभिन्न पुराणों के प्रसंगों के साथ श्रीराम कथा का समन्वय स्थापित करते हुए गूढ़ एवं पांडित्यपूर्ण व्याख्या प्रस्तुत की। उनके विचारोत्तेजक कथन श्रोताओं के बीच विशेष चर्चा का विषय रहे। कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। आसपास के ग्रामीण अंचलों के साथ-साथ दूरस्थ क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु पहुंच रहे हैं। आयोजन के संयोजक सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वल्पाहार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है।

## आनंदगांव स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



- बच्चों को खूब पढ़ लिखकर आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आनंदगांव विकासखंड बेरला में वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में चंद्रकिरण नायक सरपंच आनंदगांव, विशिष्ट अतिथि अवधेश चंदेल पूर्व विधायक, प्रहलाद रजक छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड अध्यक्ष, राहुल योगराज टिकरिहा प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष, सूर्यकांत नायक अध्यक्ष भाजपा भिंभौरी मंडल, सरोज यादव जनपद सदस्य, तिलोषमा धीवर उपसरपंच आनंदगांव बिरेंद्र अग्रवाल आशुतोष इंडस्ट्रीज रायपुर एवं शाला के समस्त शिक्षक गण एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने अपने उद्बबोधन में इसी प्रकार प्रतिवर्ष कार्यक्रम को आयोजित करने, प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करने और बच्चों को खूब पढ़ लिखकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद को महत्व देने पर भी विचार करने को कहा गया। सरपंच चंद्रकिरण नायक ने सभी बच्चों को अनुशासन में रहते हुए सभी कार्यक्रम में हमेशा सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया है और शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सूर्यकांत नायक ने बच्चों को खूब पढ़बो, खूब बढ़बो का नारा देते हुए बोर्ड परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करके शाला, गांव और माता-पिता का नाम रोशन करके अपने भविष्य को उज्जवल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम अतिथि पूर्व विधायक अवधेश चंदेल के कमलों से 80% से अधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों को मनोज कुमार वर्मा व्याख्याता द्वारा अपने पिता स्वर्गीय पुनऊराम वर्मा बेरला की स्मृति में 1000 प्रत्येक छात्र को कक्षा 12वीं से किरण वर्मा 88.4%, संगीता यादव 88.2% एवं दसवीं से दिव्या ध्रुव 90%, दुष्यंत यादव 84% और लीला 82% को दिया गया और इन्हीं छात्रों को स्मृति चिन्ह मृणाली वर्मा जीवन बीमा अभिकर्ता द्वारा दिया गया और संस्था द्वारा राज्य स्तरीय बॉक्सिंग में द्वितीय अंक प्राप्त सिल्वर मेडल ओम यदु को ट्रैकसूट व थरमस देकर सम्मानित किया गया।

### जंबूरी कैंप में गए छात्रों को वितरित किया गया प्रमाण पत्र

प्रहलाद रजक द्वारा जंबूरी स्काउट गाइड में गए सभी छात्रों को स्काउट गाइड का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और ईको क्लब के बेस्ट सदस्यों को मेडल पहनकर सम्मानित किया गया एवं संस्था के प्राचार्य तारकेश्वर साहू द्वारा डिलेश कोसले को बेस्ट छात्र के रूप में स्मृति चिन्ह और 1100 प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सी के साहू और मनोज वर्मा द्वारा किया गया।

## वृद्धाश्रम में बुजुर्गो संग मनाया जन्मदिन, बाटी खुशियां

**बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा के ग्राम बरबसपुर निवासी श्रीमती मंजूषा-नोहर कोसरिया ने अपने जन्मदिन के अवसर पर वृद्धाश्रम पहुंच कर आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। मौका यदि जन्मदिन का हो और धूमधड़ाके के साथ पार्टी न हो यह बात हजम नहीं होता। लेकिन आज भी कई युवा ऐसे हैं, जो आधुनिकता की चकाचौंध से दूर रहकर बड़ी सादगी के साथ अपना जन्मदिन मनाते हैं। ऐसे ही युवाओं में से एक हैं श्रीमती मंजूषा नोहर कोसरिया ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर धूमधड़ाका के साथ पार्टी करने के बजाय दीन-दुखियों की सेवा को प्राथमिकता दी। ताकि उन्हें भी महसूस होने वाला एकाकीपन थोड़ा कम हो सके। उन्होंने कहा कि यहां ऐसे लोग हैं जिन्हें अलग-अलग कारण से उनके परिवार ने छोड़ दिया है। ऐसे भी लोग है जिनका अब इस दुनिया में कोई नहीं है, लेकिन फिर भी कुछ अनजान उनके भोजन, रहने खाने-पीने की व्यवस्था करवाते हैं। कुछ ऐसे भी हैं जो अपना जन्मदिन की खुशी इन्हीं के साथ मनाते हुए इनका आर्शीवाद प्राप्त किया।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत नवागढ़ में सामूहिक विवाह आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत बेमेतरा जिले के नवागढ़ ब्लॉक में भव्य राज्य एवं जिला स्तरीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन आज 10 फरवरी को नवागढ़ स्कूल ग्राउंड मैदान में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानजनक स्वरूप देने के उद्देश्य से राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इस योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह आयोजित कर न केवल विवाह की परंपराओं को सरल बनाया जा रहा है, बल्कि सामाजिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

नवागढ़ ब्लॉक में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दयालदास बघेल, मंत्री, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन तथा विजय बघेल, सांसद, दुर्ग लोकसभा क्षेत्र की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि सहिठ जनप्रतिनिधि कि भी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को राज्य शासन की ओर से प्रदान की जाने वाली सहायता राशि एवं उपहार वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समाज में व्याप्त दहेज प्रथा जैसी कुप्रथाओं पर अंकुश लगाने के साथ-साथ बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को मजबूत करने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहेंगे। आयोजन को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स में जीते तीन स्वर्ण पदक



**हरिभूमि कवर्धा।** श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थी खिलेश्वर पटेल ने अपनी मेहनत, लगन और अदम्य साहस के बल पर विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। खिलेश्वर ने 16वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। राजधानी रायपुर में विगत दिनों 28 से 30 जनवरी तक आयोजित इस भव्य राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों से लगभग 300 पैरा खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का स्तर अत्यंत ऊंचा था और प्रदेश के श्रेष्ठ खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। ऐसे प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में खिलेश्वर पटेल ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। खिलेश्वर पटेल ने 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ तथा लंबी कूद जैसी कठिन स्पर्धाओं में भाग लेकर तीनों में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी उत्कृष्ट खेल क्षमता का परिचय दिया। उसकी इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। खिलेश्वर की इस ऐतिहासिक सफलता की खबर जैसे ही विद्यालय पहुंची, श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में हर्ष और उल्लास का वातावरण बन गया। विद्यालय के प्रबंधक आदित्य चंद्रवंशी ने खिलेश्वर को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उसकी सफलता विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। वहीं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने भी खिलेश्वर की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भाजपा मण्डल कुण्डा का जी राम जी मण्डल कार्यशाला एवं सम्मेलन सम्पन्न

- विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं के माध्यम से विकेंद्रीकृत योजना को सुदृढ़ करना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



भाजपा मण्डल कुण्डा का ग्राम कुण्डा में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण मण्डल कार्यशाला एवं सम्मेलन कार्यक्रम प्रभारी रामकुमार भट्ट के एवं अतिथियों के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार भाजपा मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्ग दर्शन पर कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व जिला पंचायत रामकुमार भट्ट के नेतृत्व में ग्राम कुण्डा विकसित भारत जी राम जी विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण मण्डल कार्यशाला एवं सम्मेलन कार्यक्रम पर बैठक आहूत किया गया।

बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रभारी रामकुमार भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि 2025 में विधेयक मनरेगा को प्रतिस्थापित कर ग्रामीण भारत में रोजगार सुरक्षा को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन करता है, यह 2047 तक आत्मनिर्भर गांवों के लक्ष्यों के साथ टिकाऊ बुनियादी ढांचे जल सुरक्षा और विकसित ग्राम पंचायत योजना के जरिए ग्रामीण आजीविका मजबूत करेगा, श्री भट्ट ने कहा तकनीकी और पारदर्शिता योजना में बायोमैट्रिक सटीकता रियल टाइम मैनिटरिंग और एआई का उपयोग कर पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।

मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने कहा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण के तहत मजदूरों को 15 दिन के बजाय हर सप्ताह भुगतान की व्यवस्था की जा रही है, श्री चंद्रवंशी ने कहा व्हीबी जी राम जी के तहत जल सुरक्षा मजबूत सड़के आजीविका के बुनियादी ढांचे और जलवायु अनुकूल कार्यो पर विशेष फोकस किया जा रहा है। उन्होने कहा विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं के माध्यम से विकेंद्रीकृत योजना को सुदृढ़ करना है भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का यह विधेयक ग्रामीण अवसंरचना स्टैक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में एक नई कार्य संस्कृति लाने का प्रयास जो रोजगार के साथ साथ संपति सृजन पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

इस अवसर पर पूर्व महामंत्री गीताराम साहू, सुमन गुप्तार कृष्णा चंद्राकर, दिनेश चंद्रवंशी, सेवाराम कुर्रे, दिलीप चंद्रवंशी, कपिल चंद्राकर, पुरुषोत्तम निर्मलकर, मुकेश यदु, सरिता वैष्णव, संगीता निर्मलकर, भानुमती साहू, बबली साहू, शशांक शर्मा, प्रताप सेन, नूतन चंद्राकर, अश्वनी यदु, संतोष ध्रुव, सुधाराम साहू, देवेंद्र चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### शिव कथा में आर्या त्रिपाठी ने सुनाया रुद्र अवतार का रहस्य

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव कथा के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सुश्री आर्या त्रिपाठी ने शास्त्रों में वर्णित रामभक्त हनुमान के शिव अवतार से जुड़ी पौराणिक कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि शिवपुराण के अनुसार भगवान शिव के एकादश रुद्र अवतार असुरों के संहार एवं देवताओं की रक्षा के लिए उत्पन्न हुए थे। इन 11 रुद्रों में हनुमान जी को 11वां और सर्वाधिक प्रमुख अवतार माना गया है, जिन्होंने त्रेतायुग में श्रीराम की सेवा और रावण के विनाश हेतु अवतार लिया। कथा में बताया गया कि रावण के अहंकार को तोड़ने और प्रभु श्रीराम के कार्यो में सहयोग करने के लिए भगवान शिव ने हनुमान रूप में रुद्र अवतार लेने का संकल्प किया। जब रावण ने कठोर तप कर शिव जी को प्रसन्न कर दस सिरों का वरदान प्राप्त किया।

पेज 7 के शेष

### सरकार पर कांग्रेस का ....

गुरदयाल सिंह बंजारे भी शामिल हुए। उन्होंने भी भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम आदमी त्रस्त है और कांग्रेस ही जनता की आवाज बनकर सड़कों पर संघर्ष कर रही है।

### चुलमाटी कार्यक्रम से ...

भी नशे की हालत में था। पुलिस ने रातभर आरोपी की तलाश की, लेकिन वह हाथ नहीं लगा। बाद में सोमवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा स्वयं अस्पताल पहुंचे और पीड़ित व परिजनों के बयान दर्ज किए। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने आरोपी को पकड़कर उसके विरुद्ध कड़ी धाराओं में मामला दर्ज किया है।

**नशाखोरी से बढ़ते अपराधों पर फूटा जनआक्रोश:** इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में नशाखोरी को लेकर आक्रोश देखने को मिला है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थानखम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत थानखम्हरिया, तोरन, हांटरांका, सोनचिरैया, बरगा, उमरावनगर सहित कई गांवों में शराब, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की खुलेआम बिक्री हो रही है। बीते कुछ महीनों में इसी क्षेत्र में हत्या, आत्महत्या, मारपीट, चोरी जैसी कई आपराधिक घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनका सीधा संबंध नशाखोरी से जोड़ा जा रहा है। विपक्षी दलों ने इस मुद्दे को लेकर सरकार और प्रशासन पर भी सवाल खड़े किए हैं। **पुलिस की कार्रवाई, लेकिन चिंता बरकरार:** हालांकि पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन क्षेत्र में बढ़ती नशाखोरी और उससे उपजते अपराधों ने प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। लोगों की मांग है कि मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### पिपरिया में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ आयोजित

**पिपरिया।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पिपरिया में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया, इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने कौशल एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, कार्यक्रम का शुभारंभ शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मनोज नाविक एवं कमलकांत नाविक, कमलकांत गुप्ता, शत्रुहन साहू, योगेंद्र निर्मलकर एवं संस्था प्रमुख नंद कुमार शर्मा द्वारा मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया, कार्यक्रम में बच्चों ने कर्मा, पंथी, राउत नाचा, ददरिया, देश भक्ति गीत व भाषण आदि के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां दी। जिसमें मोनिका साहू, संदीप साहू, निशा साहू, जान्हवी साहू, संजय सहित लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## शासकीय विद्यालय संस्कार व सामाजिक सद्भावना का केंद्र है: गजेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



छत्तीसगढ़ प्राचार्य एसोसिएशन द्वारा 8 फरवरी को रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के प्रेक्षा गृह में आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी एवं अभिनन्दन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, अहिवारा विधान सभा के विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डोमन लाल कोर्सेवाडा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा एवं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ शैलेंद्र पटेल विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। स्कूल शिक्षा विभाग में दस वर्षो से लंबित 2800 प्राचार्यो की पदोन्नति करने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के अभिनंदन हेतु आयोजित समारोह में प्राचार्य एसोसिएशन के संयोजक अनिल शुक्ला, प्रांताध्यक्ष रमाकांत झा, महासचिव श्याम कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपप्रांताध्यक्ष शिरीष तिवारी, मलखम वर्मा, रुद्र कुमार वर्मा व्याख्याता संघ के प्रांताध्यक्ष राकेश शर्मा ने मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव सहित विशिष्ट अतिथियों का स्वागत गजमाला पहनकर किया। मुख्य आतिथ्य उद्बोधन में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने कहा कि शासकीय विद्यालय बच्चों के संस्कार एवं सामाजिक सद्भाव के केंद्र है, क्योंकि शासकीय विद्यालय में गरीब, अमीर तथा समाज के सभी समुदाय के बच्चे एक साथ अध्ययन करते हैं। पहले जब शासकीय विद्यालय में संसाधन का अभाव था तो छात्राओं की दर्ज संख्या बहुत ज्यादा थी किंतु आज जब शासकीय विद्यालय में पर्याप्त संसाधन है तब शासकीय विद्यालयों में निरंतर कम हो रही दर्ज संख्या हमारे शिक्षकों एवं प्राचार्यो के लिए एक चिंतन का विषय है। मेरे कार्यकाल में पदोन्नति का कार्य प्राथमिकता में है जो कि निरंतर जारी रहेगा तथा शिक्षकों की उचित मांगों पर सार्थक निर्णय समय पर लिए जाएंगे। विशिष्ट अतिथि श्री कोर्सेवाडा ने कहा कि समय के साथ शिक्षकों के सम्मान में परिवर्तन हुआ है, पहले समाज का उच्च प्रतिष्ठित व्यक्ति, शिक्षकों को सम्मान देता देता था। किंतु आज एक छोटा सा जनप्रतिनिधि एवं नेता भी पहले शिक्षक से सम्मान पाने की सोच रखता है, शिक्षकों को समय के प्रति पाबंद होकर अपना कार्य निष्ठा के साथ करना चाहिए। रायपुर उत्तर विधायक विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि भारत शासन के गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास में मुख्यमंत्री के साथ मंत्रणा एवं कार्ययोजना के चलते सम्मेलन में मुख्यमंत्री के नहीं पहुंच पाने के कारण प्रदेश के प्राचार्य साथियों के साथ प्रदेश के समस्त शिक्षकों द्वारा मुख्यमंत्री का अभिनंदन कार्यक्रम मेरे विधान सभा क्षेत्र में प्राचार्य एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की संपूर्ण व्यवस्था स्वयं करूंगा। विश्विद्यालय के कुल सचिव श्री पटेल ने कहा कि प्राचार्य पदोन्नति के बाद भी प्राचार्य अध्यापन कार्य से जुड़े रहे तथा नियमित रूप से दो कालखंड अध्यापन कार्य करते रहें। प्राचार्य एसोसिएशन के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी पदोन्नत प्राचार्यो को बधाई देते हुए पदोन्नति प्रक्रिया में संचालनालय से न्यायालय तक संघर्ष में साथ देने वाले साथियों एवं प्रदेश के मुख्य मंत्री तथा स्कूल शिक्षा मंत्री के छः माह के कार्यकाल में 2800 प्राचार्य, व्याख्याता एवं संभाग तथा जिला स्तर पर शिक्षकों एवं प्रधानपाठकों सहित दस हजार की पदोन्नति करने एवं पारदर्शिता के साथ पदांकन करने के लिए आभार व्यक्त किया।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## 14 व 15 फरवरी को दुर्ग में संभाग स्तरीय रोजगार मेला

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला दिनांक 14 एवं 15 फरवरी 2026 को रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज (आर-2), कोहका, भिलाई, जिला दुर्ग में आयोजित होगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर-तकनीकी विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु अभ्यर्थियों का प्रत्यक्ष साक्षात्कार लिया जाएगा। मेले के माध्यम से योग्य एवं इच्छुक युवाओं को एक ही स्थान पर रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि वे ऑनलाइन पोर्टल पर रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला हेतु पृथक-पृथक पंजीयन अवश्य कराएं। जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक उक्त पोर्टल पर पंजीयन नहीं कराया है, वे समय रहते अपना पंजीयन कर सकते हैं। पंजीकृत अभ्यर्थी 14 एवं 15 फरवरी को निर्धारित स्थल पर अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, पहचान पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। रोजगार मेले से संबंधित अधिक जानकारी हेतु अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय, बेमेतरा से संपर्क कर सकते हैं। शासन द्वारा आयोजित यह रोजगार मेला जिले एवं संभाग के युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## चोरी के तीन आरोपी और खरीदार समेत 6 गिरफ्तार



**भिलाई।** चोरी के मामले में पुलिस तीन चोर और खरीदार समेत 6 को गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए ग्रामीण एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि संदेह के आधार पर ग्राम लखौली, थाना सिटी कोतवाली, जिला राजनांदगांव निवासी मनीष अमोरिया, जितेन्द्र गायकवाड़, रवि साहू को संदेह के आधार पर पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ करने पर आरोपियों ने पुलिस को बताया कि तीनों मठ पुरैना रायपुर में इडली-डोसा बेचने का काम करते है। खाली मकानों की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते थे। आरोपियों ने बाइक सीजी 08 बीए 3345 से तीनों सवार होकर ग्राम अछोटी नंदनी पहुंचे।

## निधन

### बद्री प्रसाद चौबे



**देवकर।** सेवानिवृत प्रधान पाठक बद्री प्रसाद चौबे (84) मनियारी वाले का सोमवार, दोपहर 2 बजे निवास स्थान महामाया वार्ड 8 देवकर में निधन हो गया, वे काफ़ी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे पूर्व कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे के काका व संजीव चौबे, विकास चौबे, विजय चौबे के पिता जी थे। जिनका अंतिम संस्कार बस स्टेंड मुक्तिधाम देवकर में शाम 5 बजे किया गया।

# डीआईजी रामकृष्ण साहू ने जिम, वॉलीबॉल व बैडमिंटन ग्राउंड का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में रक्षित केंद्र बेमेतरा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल की गई। पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू के मुख्य आतिथ्य में रक्षित केंद्र परिसर में आधुनिक व्यायामशाला (फिटनेस जोन/जिम) के साथ वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन ग्राउंड का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर डीआईजी श्री साहू ने रिबन काटकर जिम एवं खेल मैदानों का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, एसडीओपी बेमेतरा भुषण एक्का, डीएसपी कौशिल्या साहू एवं रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो

### रक्षित केंद्र में फिटनेस को मिला नया आयाम



#### स्वस्थ पुलिस बल ही सशक्त समाज की नींव – डीआईजी

इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को संबोधित करते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि व्यायामशाला, वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन जैसी खेल गतिविधियाँ शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। जिम के माध्यम से शरीर की शक्ति, सहनशक्ति एवं कार्यक्षमता में वृद्धि होती है, वहीं वॉलीबॉल से टीमवर्क, समन्वय और फुर्ती विकसित होती है। बैडमिंटन हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है तथा मानसिक सतर्कता को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम और खेल गतिविधियों से तनाव में कमी, जीवन प्रत्याशा में वृद्धि तथा जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार होता है। यदि पुलिस अधिकारी एवं जवान नियमित रूप से इन गतिविधियों में भाग लें, तो वे स्वयं को स्वस्थ रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन और अधिक उत्साह, ऊर्जा एवं प्रसन्नता के साथ कर सकेंगे। इससे आम जनता की सेवा और अधिक प्रभावी रूप से संभव हो सकेगी। डीआईजी श्री साहू ने इसे पुलिस कल्याण की दिशा में एक अहम कदम बताते हुए कहा कि विभाग भविष्य में भी पुलिस बल के मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक कल्याण के लिए ऐसे प्रयास करता रहेगा। स्वस्थ पुलिस बल ही कानून-व्यवस्था को मजबूत रखने में सक्षम होता है।

विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। उद्घाटन से पूर्व आचार्य पं. अभिषेक दुबे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई।

#### इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, एसडीओपी भुषण एक्का, डीएसपी कौशिल्या साहू, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, एमटीओ सउनि माधव सिंह साहू, आर्म्स शाखा प्रभारी सउनि राममिलन सिंह, प्रधान आरक्षक खुबचंद बघेल, आरक्षक तारण दास घितोडे, श्रवण चंद्राकर, जय गुप्ता, महिला आरक्षक खेमा मरकाम सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत से भेंटकर सौंपा मांग पत्र

# संस्कृत शिक्षक संघ ने प्रदेश में संस्कृत विषय की स्थिति पर जताई गहरी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्रदेश संस्कृत शिक्षक संघ ने चलाया संस्कृत विषय बचाओ अभियान



संस्कृत विषय बचाओ अभियान के तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश संस्कृत शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दौलत राम साहू, डॉक्टर नारायण साहू और मनोज कुमार वर्मा ने छत्तीसगढ़ में संस्कृत विषय की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल के पाठ्यक्रम से कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा दसवीं तक सचिवालय स्तर पर षडयंत्र पूर्वक हटाया जा रहा है, इससे अवगत कराकर संस्कृत को पूर्व की भांति हरियाणा राज्य के तर्ज पर अनिवार्य विषय करने और संस्कृत के विकल्प के रूप में नवीन व्यावसायिक शिक्षा लागू किया गया है उसे सातवें विषय के रूप में स्थान देने के लिए मांग पत्र डॉक्टर चरण दास महंत को सौपा गया।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अपने मांग को लेकर अब तक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, सचिव छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, सचिव सहायक संचालक छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मंडलम्, स्कूल शिक्षा मंत्री, माननीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल जी, बेमेतरा दुर्ग रायपुर के जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी तथा बेमेतरा राजिम और डोंगरगांव के विधायक व संचालक जिला बलौदाबाजार एवं पूर्व विधायक महंत रामसुंदर दास को भी मांग पत्र सौपा जा चुका है कि सचिवालय स्तर पर बिना किसी लिखित आदेश के संस्कृत विषय के स्थान पर नवीन व्यावसायिक शिक्षा मौखिक निर्देशों से ही लागू किया गया है। केंद्र सरकार के द्वारा विद्यालयों में केवल ट्रेंड चालू करने कहां गया है ना कि किसी विषय को नुकसान पहुंचा कर उनके जगह पर छत्तीसगढ़ में संस्कृत हिंदी अंग्रेजी और बांग्ला भाषा को जिसमें छात्र अध्यनरत थे को छोड़कर प्राचार्य और अधिकारियों के मौखिक निर्देश पर छात्र व्यावसायिक पाठ्यक्रम में जा रहे हैं संस्कृत बांग्ला हिंदी भारतीय संविधान मे सर्वोच्च स्थान प्राप्त आठवीं अनुसूची की भाषा है इस भाषा का अपमान और उल्लंघन असंवैधानिक हैं तथा अनुच्छेद 351 आठवीं अनुसूची की भाषाओं के सम्मान के लिए बनाया गया है यह भारतीय ज्ञान परंपरा संस्कृति सभ्यता और संस्कार परक राष्ट्रभाषा है। एक तरफ पूरा विश्व संस्कृत भाषा के महत्व को अपना रही है अपने देश के विद्यालय महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों में संस्कृत भाषा को अनिवार्य शिक्षा कर रहे हैं और अपने ही देश में प्रदेश में संस्कृत विषय को पाठ्यक्रम से हटाने के लिए इस प्रकार महाषड्यंत्र चल रहा है जो गंभीर चिंतन का विषय है।

### संस्कृत सम्मेलन के दौरान भी सौंपा था मांग पत्र

7 सितंबर 2025 को सरयू पारिण भवन मठपूरेना में आयोजित विराट संस्कृत विद्वत सम्मेलन में उपस्थित मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी को भी मांग पत्र सौपा जा चुका है। 25 अगस्त 2025 को माननीय शिक्षा मंत्री की समीक्षा बैठक में एनसीईआरटी रायपुर को कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा दसवीं तक संस्कृत विषय को अनिवार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है, परंतु उस निर्देश का कार्य पालन धरातल पर आज पर्यंत नहीं किया गया है। इस प्रकार की प्रशासकीय और शासकीय व्यवहार से स्पष्ट होता है कि छत्तीसगढ़ सरकार के खजाना में और केंद्र सरकार के खजाना में भारी मात्रा में आर्थिक अनियमितता और आर्थिक भ्रष्टाचार की संभावना प्रतीत होती है ।



# ड्राइवर समाज की एकता ही सबसे बड़ी ताकत : प्रीतम सेन

- छत्तीसगढ़ ड्राइवर महा संगठन की हुई आम सभा बैठक

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महा संगठन की आम सभा बैठक सम्पन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिले सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ड्राइवर साथियों ने सहभागिता कर संगठन की मजबूती का परिचय दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संघ के राष्ट्रीय सचिव प्रीतम सेन विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश शर्मा एवं विकास तम्बोली की गरिमामयी मौजूदगी रही।आम सभा बैठक में ड्राइवर साथियों की विभिन्न समस्याओं, उनके अधिकारों, संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा भविष्य की रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।ड्राइवरों से जुड़े सामाजिक, आर्थिक और व्यावसायिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए उनके समाधान के लिए संगठनात्मक प्रयासों को तेज करने पर सहमति बनी।

### संगठन ड्राइवर भाइयों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध : सेन

मुख्य अतिथि प्रीतम सेन ने अपने संबोधन में कहा कि ड्राइवर समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। जब सभी साथी संगठित होकर आगे बढ़ेंगे, तभी उनके अधिकार सुरक्षित रहेंगे। संगठन सदैव ड्राइवर भाइयों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में जिला बेमेतरा के समस्त पदाधिकारी, संगठन के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ड्राइवर सारथी भाई उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन को मजबूत करने और ड्राइवर समाज के हित में मिलकर कार्य करने के संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि जिनमें हेमलाल देवांगन, राजनांदगांव अध्यक्ष छात्रधर यादव,बलौदा बाजार अध्यक्ष सीताराम निषाद, हेमंत जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष नवागढ़, थान खमरिया अध्यक्ष ड्राइवर महासंगठन भागचंद कुर्रे, बेरला ब्लॉक अध्यक्ष ड्राइवर महा संगठन प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# मतदाता जागरूकता को लेकर जिलेभर में गठित होंगे मतदाता साक्षरता क्लब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- स्कूल, कॉलेज व कार्यालयों में बनेगा जागरूकता मंच

भारत निर्वाचन आयोगके निर्देशानुसार जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता साक्षरता क्लब का गठन किया जाएगा। यह क्लब जिले के समस्त मतदान केन्द्रों, स्कूलों, कॉलेजों, उच्च शैक्षणिक संस्थानों के साथ-साथ शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों में गठित किए जाएंगे।

इस पहल के अंतर्गत विभिन्न आयु वर्ग एवं संस्थानों को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग श्रेणियों में मतदाता साक्षरता क्लब बनाए जाएंगे। ईएलसी – फ्यूचर वोटर्स का गठन स्कूल स्तर पर किया जाएगा, जिसमें नोडल अधिकारी के रूप में शिक्षक नियुक्त होंगे। इस क्लब में कक्षा 9 से 12 तक के 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राएं सदस्य होंगे, जिन्हें मतदान प्रक्रिया, मतदाता अधिकार एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार ईएलसी – न्यू वोटर्स का गठन महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में किया जाएगा। इस श्रेणी में नोडल अधिकारी के रूप में प्रोफेसर अथवा सहायक प्रोफेसर होंगे तथा 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थी इसके सदस्य बनेंगे। इन क्लबों के माध्यम से नए मतदाताओं को नामांकन, मतदान प्रक्रिया एवं जिम्मेदार नागरिक की भूमिका के बारे में जागरूक किया जाएगा। विश्वविद्यालय, व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों में ईएलसी – चुनाव पाठशाला गठित की जाएगी। इसमें संबंधित मतदान केन्द्र क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) नोडल अधिकारी होंगे तथा मतदान केन्द्र क्षेत्र के ग्रामीण सदस्य इसमें सम्मिलित रहेंगे, जिससे ग्रामीण मतदाताओं तक जागरूकता का संदेश प्रभावी रूप से पहुँच सके। इसके अलावा जिले के शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों में ईएलसी – वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभाग प्रमुख द्वारा किसी एक अधिकारी या कर्मचारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा तथा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी इसके सदस्य होंगे। इन मतदाता साक्षरता क्लबों के माध्यम से जिले में मतदाता जागरूकता बढ़ाने, मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

## पाहंदा में हुई ग्रामीण टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा, झलमला की टीम बनी विजेता



**बेरला।** ग्राम पाहंदा में आयोजित ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला झलमला एवं खर्रा टीम के बीच रोमांचक माहौल में संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए झलमला टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं खर्रा टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में बंशीलाल निषाद (पूर्व सरपंच) एवं संजय साहू (उपसरपंच) बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लोमेश कुमार सेन (युवा मोर्चा, बेमेतरा) विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर होरीलाल तिवारी, संतोष साहू, रोहित साहू, तोरण साहू, पीलू साहू सहित आयोजक समिति के सदस्य एवं आसपास के बड़ी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। लोमेश कुमार सेन ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण स्तर पर ऐसे खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं। खेल से अनुशासन, एकता और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। आयोजक समिति का यह प्रयास सराहनीय है, जो गांव के युवाओं को आगे बढ़ने का मंच दे रहा है।

# सुरहोली में हुई त्रि-दिवसीय विराट देवी जस झांकी प्रतियोगिता



- भक्तिमय माहौल में हुई जसगीत व झांकी प्रस्तुतियां

**बेरला।** ब्लॉक बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुरहोली में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक त्रि-दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय विराट देवी जय महामाया जस झाँकी परिवार और समस्त ग्रामवासियों द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तिपूर्ण माहौल में देवी जसगीत और झाँकी प्रस्तुतियाँ हुईं। मुख्य आकर्षण और अतिथिगण यह आयोजन कई प्रमुख राजनेताओं की उपस्थिति का गवाह बना।

कार्यक्रम 6 से 9 फरवरी तक भव्य कार्यक्रम हो रहे है। वही 8 फरवरी को समापन एवं पुरस्कार वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राहुल योगराज टिकरिहा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, विशेष अतिथि पोषण वर्मा जिला महामंत्री, यशवंत वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति गोड़गिरी, पुरुषोत्तम यादव, अध्यक्षता विकास वर्मा सरपंच व समस्त पंचगण सुरहोली में समापन कार्यक्रम हुए। वहीं 9 फरवरी को मेला मंडाई का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीपेश साहू विधायक बेमेतरा, विशेष अतिथि अवधेश सिंह चंदेल प्रदेश प्रकोष्ठ संजोयक एवं सरगुजा प्रभारी पूर्व विधायक, योगेश तिवारी विश्व हिन्दू परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रतीम सिंह चंदेल जि.पं. सभापति, गौकरण राजा ज.पं.स.बेरला, देवेन्द्र वर्मा मंडल अध्यक्ष सरदा, भोलाशंकर वर्मा भाजपा जि.कार्य.स, अध्यक्षता विकास वर्मा सरपंच एवं समस्त ग्रामवासी सुरहोली, अध्यक्ष तारन कुमार यादव, उपाध्यक्ष प्रहलाद वर्मा जनसेवक, आयोजक जय महामाया जस झाँकी परिवार व समस्त ग्रामवासी सुरहोली में उपस्थित रहे।

## 13 वर्षों में 2086 कुपोषित बच्चे हुए सुपोषित, पालकों को भी मिल रहा पोषण व आर्थिक सहारा

# कुपोषण पर बड़ी जीत: जिला अस्पताल का एनआरसी बना हजारों बच्चों की जीवनरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कुपोषण जैसी गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य समस्या के खिलाफ बेमेतरा जिले ने एक बड़ी और ठोस उपलब्धि हासिल की है। जिला चिकित्सालय बेमेतरा में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) कुपोषित बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। वर्ष 2013 से अब तक इस केंद्र के माध्यम से 2086 बच्चों को कुपोषण से मुक्त कर स्वस्थ जीवन की ओर लौटाया गया है, जो जिले के लिए गर्व की बात है।

एनआरसी में 1 माह से 5 वर्ष तक के गंभीर कुपोषित बच्चों को 15 दिनों तक भर्ती कर विशेष चिकित्सकीय देखरेख, संतुलित पोषण आहार और निरंतर निगरानी में उपचार दिया जाता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, एएनएम और चिरायु टीम द्वारा चिन्हित बच्चों के साथ-साथ पालक स्वयं भी बच्चों को केंद्र में भर्ती करा सकते हैं। केंद्र में बच्चों को थेराप्यूटिक फूड (F-75, F-100), फार्मूला मिल्क एवं दलिया, हलवा, खिचड़ी, इडली, सेवई जैसे पौष्टिक आहार दिए जाते हैं। साथ ही माताओं को भी दो समय का भोजन उपलब्ध कराया जाता है। शासन द्वारा पालकों को 150 रुपये प्रतिदिन के मान से 15 दिनों के लिए कुल 2250 रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की जाती है। यहां सभी सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क हैं।

**अत्यधिक कमजोर बच्चों को विशेष प्राथमिकता:** जिला अस्पताल के एमसीएच भवन में स्थित एनआरसी में लंबे समय से दस्त से पीड़ित, बार-बार बीमार रहने वाले एवं अत्यधिक कमजोर बच्चों को विशेष प्राथमिकता पर भर्ती किया जाता है। अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ. स्वाति यदु, शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक कुमार निराला, चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन वर्मा सहित पूरी चिकित्सा टीम की सतत निगरानी में बच्चों को उपचार दिया जा रहा है। स्टाफ नर्सों एवं सहयोगी कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास से आज एनआरसी न केवल बच्चों को नया जीवन दे रहा है, बल्कि जिले में कुपोषण उन्मूलन की दिशा में एक मजबूत मिसाल भी पेश कर रहा है।

**एनआरसी बेमेतरा : एक नज़र में**
**संचालन प्रारंभ : जनवरी 2013**

स्थान : जिला अस्पताल, एमसीएच भवन
आयु वर्ग : 1 माह से 5 वर्ष, भर्ती अवधि : 15 दिवस, कुल सुपोषित बच्चे : 2086.

वर्षवार लाभान्वित बच्चे

2013-14 : 87
2014-15 : 127
2015-16 : 149
2016-17 : 134
2017-18 : 225
2018-19 : 208
2019-20 : 213
2020-21 : 88
2021-22 : 33
2022-23 : 180
2023-24 : 221
2024-25 : 224

1 अप्रैल 2025 – 9 फरवरी 2026 : 197, पालक सहायता : 150 प्रतिदिन × 15 दिन = 2250, सुविधाएं : पोषण आहार, इलाज, आवास - पूर्णतः निःशुल्क।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411